तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 पर्यावरण मित्रों ने की एडवेंचर ट्रैकिंग



14 सामुदायिक भवनों को आमजनता के लिए कम किराया पर उपलब्ध...



कामप्टेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc BCA B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स PGDCA DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

कई बार स्थगित होने के बाद हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

# रेत-खाद पर उबले जिपं सदस्य, अधिकारियों की अनुपस्थिति पर दिखाए तीखे तेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत की सामान्य सभा में अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर जमकर बवाल हुआ। बैठक में 29 विभाग के जिला स्तर के अधिकारियों को आना था, लेकिन जिला स्तर के मात्र 3 अधिकारी पहुंचे थे। अधिकांश विभागों से लिपिक, ब्लॉक स्तर के अधिकारी आए थे। जिला पंचायत सदस्यों ने स्पष्ट कहा है कि आगामी बैठक में जिला स्तर के अधिकारी नहीं आते हैं तो उस विभाग से संबंधित प्रश्न ही नहीं उठाएंगे।

कई बार स्थगित होने के बाद अंततः बुधवार को जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कई मुद्दों पर जमकर बहस हुई। कांग्रेस के जिपं सदस्यों ने बैठक में जिला स्तर के अधिकारियों की गैर मौजूदगी पर नाराजगी जताई। जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर ने कहा कि जिपं की सामान्य सभा में तीन विधायक, 13 जनपद सदस्य, 2 सांसद, जपं अध्यक्ष सहित कई चुने हुए जनप्रतिनिधि इस उम्मीद में आते हैं कि वे सरकारी योजनाओं की समीक्षा कर सकें, लेकिन अधिकारियों की गैर मौजूदगी से उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। ब्लाक स्तर के अधिकारी, लिपिक सहित अन्य अधिकारी पूरे जिले की जानकारी नहीं दे पाते हैं। अन्य सदस्यों ने भी उनका समर्थन किया। अब आगामी बैठक में सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### खाद पर उठाया सवाल

बैठक में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से डीएपी खाद की किल्लत पर जमकर हंगामा हुआ। जिपं सदस्यों ने कहा कि खाद का आवंटन 30 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर और 70 प्रतिशत सहकारी गोदामों को मिलता है, लेकिन जिले में स्थिति उलट है। प्राइवेट कृषि केंद्रों में भरपूर मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध है, जबकि सहकारी समितियों के गोदामों में कमी बनी हुई है। इस कमी का फायदा उठाते हुए व्यापारी डेढ़ से दो गुना दाम में खाद बेच रहे हैं। डीएपी के बाद अब यूरिया खाद की किल्लत शुरू हो गई है। इस संबंध में न तो कृषि विभाग के अधिकारी संतोषप्रद जवाब दे पाए और न ही मार्कफेड के अधिकारी।




### नदियों में चल रहा डंपिंग-डंपिंग का खेल

रेत खदान का मुद्दा हर बैठक में उठता है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया गया है। बुधवार को भी जिला पंचायत सदस्यों ने अवैध उत्खनन का मुद्दा जोर- शोर से उठाया। सदस्यों ने बताया कि रात में रेत के डंपिंग पाइंट से रेत खाली हो जाती है। सुबह होते-होते फिर से यहां पर रेत का पहाड़ खड़ा कर दिया जाता है। नदी से उत्खनन पर प्रतिबंध केवल दिखावा है। रेत माफिया खुलेआम महानदी से रेत निकाल रहे हैं।

### जरुरतें हो रही पूरी : डीएपी के विकल्पों का इस्तेमाल करें



डीएपी खाद की आपूर्ति डिमांड के विरूद्ध 80 प्रतिशत तक की जा चुकी है। अभी भी आपूर्ति की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समस्या के चलते डीएपी का आयात प्रभावित हुआ है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे डीएपी के विकल्पों का इस्तेमाल करें। बैठक में पीएम आवास की स्थिति पर समीक्षा की गई। 40 हजार आवास पर काम चल रहा है। अभी इससे ज्यादा आवास स्वीकृत होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा सहित अन्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।

- अरूण सार्वा, *अध्यक्ष जिला पंचायत*

## कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा निवासी पीलूराम ध्रुव उम्र 37 वर्ष हमाली का काम करता था। बुधवार की सुबह युवक काम में जाने के लिए घर से निकला था। लगभग 12 बजे ग्रामीण व कोटवार को सांकरा नहर किनारे किसी व्यक्ति के अचेत पड़े होने की जानकारी मिली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचने पर उक्त व्यक्ति की पहचान पीलूराम ध्रुव के रूप में की गई। उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। पंचनामा की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को वरदान एंबुलेंस संस्था की मदद से जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### मोर तिरंगा मोर अभिमान पर कार्यशाला आज



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा विषय पर जिला भाजपा कार्यालय गोविंद सारंग भवन में कार्यशाला का आयोजन 7 अगस्त को दोपहर 1 बजे किया गया है। मुख्य वक्ता राजीव अग्रवाल सीएसआईडीसी चेयरमैन छत्तीसगढ़ होंगे। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कार्यक्रम के जिला संयोजक शशि पवार, जिला महामंत्री महेन्द्र पण्डित, राकेश साहू ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

### जहरीली गोली के सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने जहरीली गोली का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार राकेश साहू पिता किस कुमार उम्र 28 वर्ष ग्राम बोड़रा थाना गुरुर निवासी गुरूनानक आटो पार्ट्स की दुकान गुरुर में सेल्समेन का काम करता था। मंगलवार की सुबह काम पर जाने के लिए टिफिन लेकर घर से निकाला था। उस टिफिन को अपने दोस्त सरोज को देकर वापस घर चला गया। घर पहुंचकर युवक उल्टी करने लगा। यह देख परिजनों ने उसे नींबू पानी पिलाया। पूछने पर युवक ने सल्फास गोली का सेवन कर लेना बताया। जहर सेवन का कारण पूछने पर युवक ने कुछ नहीं बताया। छोटे भाई नरेंद्र साहू व परिजनों ने युवक को उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार की शाम युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### बस स्टाप में गांजा पीते युवक गिरफ्तार



- सार्वजनिक स्थानों पर गांजा सेवन करने वालों की खैर नहीं

**धमतरी।** सार्वजनिक स्थानों पर गांजा का सेवन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने पुलिस ने कमर कस ली है। इसकी शुरुआत पुलिस ने बस स्टाप में गांजा सेवन कर रहे युवक को गिरफ्तार कर की है। नशामुक्ति अभियान को गंभीरता से लेते हुए एसपी सूरजसिंह परिहार ने सार्वजनिक स्थानों पर गांजा सेवन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई करने पुलिस को निर्देशित किया है। इसी क्रम में मंगलवार को कोतवाली को सिहावा चौक बस स्टाप में स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति द्वारा गांजा सेवन करने की सूचना मिली। कोतवाली पुलिस तत्काल बस स्टाप पहुंची, जहां नारायण कामड़े को गांजा पीते रंगेहाथ पकड़ा गया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक पुड़िया में 10 ग्राम गांजा, लोहे का डिब्बानुमा उपकरण सहित अन्य सामान को जप्त किया। आरोपी का कृत्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 के तहत दंडनीय पाए जाने पर अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी नारायण कामड़े पिता दीनदयाल उम्र 46 वर्ष बाजार चौक हटकेशर वार्ड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## जिलाबदर बदमाश सब्जी मंडी में घूमते पकड़ाया

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

**धमतरी।** जिलाबदर निगरानी बदमाश बिना अनुमति के वापस आकर सब्जी मंडी के पास घूम रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जिलाबदर निगरानी बदमाश विशाल बंजारे के बिना वैध अनुमति के बस्तर रोड स्थित सब्जी मंडी में घूमने की सूचना मिली। कोतवाली की टीम सब्जी मंडी पहुंची और घेराबंदी कर बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपी के पास जिले में प्रवेश के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। यह कृत्य छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध होने पर सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर आरोपी विशाल बंजारे पिता



प्रहलाद उम्र 27 वर्ष साल्हेवारपारा धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस ने सजगता व तत्परता दिखाते हुए जिलाबदर बदमाश को तत्काल गिरफ्तार कर कानून का पालन सुनिश्चित किया। धमतरी पुलिस ने स्पष्ट कहा है कि जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि इस तरह के किसी व्यक्ति की जानकारी होने पर तत्काल सूचित करें।

## कुत्तों के हमले से दो हिरण की मौत



**नगरी।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत काष्ठागार नगरी के आगे दो हिरण घायल अवस्था में मिले। सूचना पर वन अमला घटनास्थल पहुंचा। मौके पर एक हिरण मृत मिला वहीं दूसरा घायल अवस्था में था। उसका इलाज कराने परिक्षेत्र कार्यालय नगरी लाया गया था लेकिन थोड़ी देर बाद उस हिरण की भी मौत हो गई। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह लगभग 9.30 बजे हिरणों का झुंड वहां से गुजर रहा था तभी कुत्तों ने झुंड पर हमला कर दिया। इसमें दो हिरण की मौत हो गई।

## खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मेंटेन करने प्रतिष्ठानों में हुई ताबड़तोड़ जांच





- बने खाबो बने रहिबो अभियान के तहत तीन दिन चली छापामार कार्वाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश के मौसम में बढ़ती बीमारियों को देखते हुए फूड सेफ्टी विभाग द्वारा तीन दिनों तक ताबड़तोड़ जांच और कार्रवाई की गई। एक होटल तो बिना पंजीयन के चल रहा था। एक व्यापारी स्टीकर वाला फल बेच रहा था। दोनों को नोटिस थमाया गया है। वहीं नकली प्रोटीन पाउडर, नकली टोस्ट और पैक्डपानी का प्रकरण कोर्ट में पेश किया गया है।

बारिश से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर खाद्य पदार्थों से फैलने वाली बीमारियों का डर बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए पूरे प्रदेश स्तर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा बने खाबो बने रहिबो सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरूआत 4 अगस्त से की गई थी। बुधवार को अभियान का समापन हुआ। इन तीनों दिनों में फूड सेफ्टी विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। साथ ही उपभोक्ताओं और दुकानदारों को स्वच्छता बरतने की सलाह दी गई। फूड सेफ्टी आफिसर फनेश्वर पिथौरा ने बताया कि 3 दिन तक अभियान चलाया गया। इस दौरान रमन स्वीट्स नया बस स्टैण्ड धमतरी, सूरज होटल धमतरी, आराधना जलेबी भंडार धमतरी, जायका जहान धमतरी, हिन्दूजा रेस्टोरेंट सिहावा चौक धमतरी, जर्नादन-2 रूद्री रोड धमतरी, केसर स्वीट्स रूद्री रोड, ओमदेव प्रोविजन रत्नाबांधा, गुप्ता होटल रूद्री, रिंकू होटल रूद्री, देवांगन किराना रूद्री, अर्जुन होटल कुरूद, कान्हा स्वीट्स भखारा, लालजी होटल भखारा, गोविंद बेकरी भखारा, अर्जुन होटल भखारा, अपना होटल भखारा, चन्द्रहास किराना स्टोर्स कुरमातराई का निरीक्षण कर मिल्क केक, मिनी पेड़ा, कलाकंद, काला जामुन, नारियल लड्डू, सोन पापड़ी, सोन केक, क्रीम चमचम, बूंदी लड्डू, बालूसाही, गुड़, दलिया, आटा, शक्कर, सूजी, गुलाब जामुन पावडर, राइस इडली, सरसोतेल, कस्तूरी मेथी, सेवई, टोस्ट, मैगी का नमूना संकलन कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि न्यू अता रेस्टोरेंट रत्नाबांधा चौक को बिना खाद्य पंजीयन व मनोहरलाल मोहनदास थोक फल विक्रेता धमतरी को स्टीकर वाले फल बेचने के संबंध में नोटिस दिया गया है। देवांगन होटल बस स्टैण्ड धमतरी का पैक्ड पानी, गायत्री मेडिकल धमतरी का मिथ्याछाप प्रोटीन पावडर व प्रभु किराना कुहकुहा मिथ्याछाप टोस्ट का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### तुरंत जांच, फिर समझाइश

अभियान के दौरान चलित खाद्य प्रयोगशाला से खाद्य पदार्थों की जांच भी की गई। इस दौरान होटल व रेस्टोरेंट, ठेलों में संचालित चाट, गुपचुप बेचने वालों को बरसाती मौसम को ध्यान में रखते अतिरिक्त सावधानी बरतने और खाद्य सामग्रियों को ढंककर रखने, खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाली जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग करने, खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का (श्री गणेश, गाय छाप रंग) का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई। किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, बिना निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि के खाद्य पदार्थों को नहीं बेचने की सलाह दी गई। जांच के दौरान टीपीएम मीटर से खाद्य पदार्थों को तलने वाले तेल की गुणवत्ता की जांच की गई।

### पांच चरणों का अभियान

यह अभियान पांच चरणों में चलाया जा रहा है। पहले चरण में विभिन्न माध्यमों से इस अभियान का प्रचार किया गया। व्यवसायियों और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। दूसरे चरण में रायपुर से 4 चलित प्रयोग शाला को विभिन्न जिलों की ओर रवाना किया गया। तीसरे चरण में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। अब चौथे और पांचवें चरण में पूरे अभियान की वृहद स्तर पर रिपोर्टिंग तैयार की जाएगी।

## थोक सब्जी में कमीशन घटाने पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 7 प्रतिशत को घटाकर 3 प्रतिशत कर दिया

कृषि बोर्ड रायपुर के निर्देश पर धमतरी कृषि उपज मंडी समिति द्वारा थोक सब्जी पर कमीशन 7 से घटाकर 3 प्रतिशत किया जाना प्रस्तावित है। इस पर एजेंटों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि 7 प्रतिशत कमीशन के स्थान पर 15 प्रतिशत दिया जाए।

कृषि उपज मंडी श्यामतराई परिसर में थोक सब्जी मार्केट की 29 एजेंट दुकान है। थोक सब्जी एजेंट किसानों की सब्जी को बेचने के बाद तत्काल पेमेंट भी कर देते हैं। सब्जी खरीदने वाले अधिकांश फुटकर विक्रेता बाजार में सब्जी बेचने के बाद एजेंट को किस्तों में पेमेंट करते हैं। इस तरह की प्रक्रिया में एजेंटों को कमीशन के तौर पर मात्र 7 प्रतिशत मिलता है। लेन- देन की प्रक्रिया में कई ऐसे भी खरीदार होते हैं जो एजेंटों से सब्जी खरीद लेते हैं पर राशि देने के लिए उन्हें कई बार चक्कर कटवाते हैं। जिसके कारण सब्जी के एजेंटों को आर्थिक नुकसान सहना पड़ता है। अगर शासन 7 प्रतिशत कमीशन को घटाकर 3 प्रतिशत करेगा तो उन्हें और अत्यधिक नुकसान सहना पड़ सकता है क्योंकि दुकानों में काम करने वाले एजेंटों के सहयोगी, कर्मचारियों के वेतन, दुकान का किराया और उधारी उन्हें झेलना पड़ता है।



### 15 प्रतिशत कमीशन दिया जाए : कैलाश

थोक सब्जी विक्रेता संघ धमतरी के अध्यक्ष कैलाश यादव ने 29 जुलाई 2025 को मंडी सचिव के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई है। कहा कि 7 प्रतिशत कमीशन रेट को घटाकर 3 प्रतिशत तय किया जाना न्यायोचित नहीं है। क्योंकि सब्जी का व्यवसाय कच्चा व्यवसाय है। सब्जी नहीं बिकती तो भारी नुकसान उठाना पड़ता है। हमें किसानों को पेमेंट करने के लिए ब्याज में पैसा उठाना पड़ता है जिससे हमें घाटा भी होता है। सब्जी व्यापारियों पर दुकान और अन्य खर्च अधिक बढ़ गया है जिससे वे मानसिक रूप से परेशान भी रहते हैं इसलिए 7 प्रतिशत कमीशन को बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाए। श्री यादव ने बताया कि उदाहरण के तौर पर अगर 1 लाख रू. की सब्जी बेचते हैं तो 90 हजार रू. उधारी में जाता है। 10 हजार नगदी आता है। उधारी की राशि कई बार डूब चुकी है। दो एजेंट ने तो काम ही बंद कर दिया है। वर्षों से 7 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं। दूसरे शहरों में कमीशन 8-10 प्रतिशत भी है।

11 अगस्त तक शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने पर धरना देने की चेतावनी दी

## कोलियारी स्कूल में पालकों एवं छात्रों ने ताला जड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से लगे ग्राम कोलियारी में स्थित प्राथमिक शाला में बुधवार को शिक्षकों की मांग को लेकर पालकों एवं छात्रों ने ताला जड़ दिया एवं मेन गेट के सामने अविलंब शिक्षक की नियुक्ति देने आधे घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद स्कूल के गेट खोल दिए गए। तालाबंदी की सूचना मिलते ही बीईओ एलडी चौधरी अपनी टीम के साथ स्कूल पहुंचे एवं आश्वासन दिया कि उच्चाधिकारी से बैठक कर टीचर की व्यवस्था करेंगे।



ग्रामीण श्यामू सोनकर, केशकुमार सोनकर, श्रीराम ध्रुव ने बताया कि युक्तियुक्तकरण से यहां शिक्षकों की कमी हो गई, जिसके लिए कलेक्टर, डीईओ को ज्ञापन सौंप चुके हैं। कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को आधे घंटे के लिए सांकेतिक रूप से ताला लगाया। 11 अगस्त को पूरी तह तालाबंदी करके चाबी प्रशासन को सौंप दी जाएगी। पालकों ने बताया कि स्कूल में पहली से पांचवीं तक दर्ज संख्या 28 है, जिसके लिए दो शिक्षक हैं। यहां प्रधानपाठक हुलसी साहू और शिक्षिका पूर्ण दृष्टिबाधित चित्ररेखा ध्रुव पदस्थ हैं जिससे पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। एक शिक्षक के भरोसे 5 कक्षाएं संचालित हैं। प्रधानपाठक को डाक के सिलसिले में जिला प्रशासन के पास जाना होता है तब स्थिति विकट हो जाती है। एक अकेली दृष्टिबाधित शिक्षिका के भरोसे पूरा स्कूल रहता है। बच्चे पढ़ाई छोड़कर बाहर घूमने निकल जाते हैं। सामने स्टेट हाईवे का मार्ग तथा किनारे महानदी है जिससे बच्चों को खतरा है।

मांग करने वालों में सरपंच ज्योति सोनकर, दिलेश्वर यादव, निर्मला यादव, कौशिल्या निषाद, देवंतीन, उत्तम, अंजलि निषाद, सतीष, कुलेश्वर, देवबती, हेमा, दुर्गेश, नंदनी, संतोषी आदि शामिल हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### सशिमं उमावि में विज्ञान दिवस मनाया गया

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब में महान वैज्ञानिक डॉ प्रफुल्लचंद्र रॉय के जन्मदिवस को विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य वक्ता सुश्री परमिन्दर कौर व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि श्रीमती शोभा दुबे व्याख्याता, श्रीमती खेमिन साहू प्राचार्य सशिमं ने डॉ प्रफुल्लचंद्र रॉय के छायाचित्र का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथिद्वय ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच एवं सृजनात्मकता का भाव विकसित करने के लिए सारगर्भित उद्बोधन दिए। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से कक्षा द्वादश तक के 250 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित मॉडल, पोस्टर, रंगोली, मेहंदी चित्रकला, विज्ञान प्रयोग, भाषण, पहेली प्रतियोगिता में भाग लिया। सुश्री परविन्दर कौर, श्रीमती शोभा दुबे एवं विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती खेमीन साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में विज्ञान प्रभारी श्रीमती डामेश्वरी साहू, कार्यक्रम संचालक श्रीमती प्रभा चौबे की भूमिका रही। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव करने के बताए गए तरीके

# कृषि विभाग ने जोरातराई के खेतों में किया ड्रोन स्प्रेयर का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद विकासखंड के अंतिम छोर के गांव जोरातराई (सि) में कृषि विभाग एवं इफ्को कम्पनी की संयुक्त पहल से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का धान के खेतों में ड्रोन स्प्रेयर से छिड़काव कर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के लिए प्रगतिशील किसान हेमन्त साहू एवं लोकनाथ साहू के खेतों का चयन कर अन्य किसानों की उपस्थिति में ड्रोन स्प्रे विशेषज्ञ द्वारा कराया गया।

मौके पर किसानों को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुरुषोत्तम सिन्हा ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग की तकनीकी एवं इससे होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा ड्रोन का उपयोग करके खेतों में खाद एवं कीटनाशकों का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे किसानों को कई लाभ हो रहे हैं। यह एक आधुनिक तकनीक है जो किसानों के काम को आसान बनाती है और उन्हें अधिक उपज प्राप्त करने में मदद करती है।






### 7 मिनट में हो गया एक एकड़ खेत में छिड़काव

प्रगतिशील कृषक चोवाराम गंजीर, हेमंत साहू, हिरामन साहू ने बताया कि ड्रोन का उपयोग करके 1 एकड़ खेत में 7 मिनट में छिड़काव किया जा सकता है, जबकि पारंपरिक तरीकों से इसमें अधिक समय लगता है। वहीं नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग से रासायनिक खाद की कमी की पूर्ति व ड्रोन स्प्रेयर के माध्यम से मजदूरों की अनुपलब्धता का निदान होगा। इस ग्राम के कृषक खिलेश्वर, पीलू राम, चन्द्रशेखर, संतराम, विनोद साहू, टिकेश्वर, मदन साहू ने कम समय मे ज्यादा काम के साथ खाद की बचत होते देख प्रसन्नता जाहिर की।

### 90 प्रतिशत पानी व 40 प्रतिशत कीटनाशक की बचत

नैनो इफ्को कंपनी के फील्ड ऑफिसर सतू सिन्हा ने बताया कि ड्रोन छिड़काव से 90 प्रतिशत तक पानी और 40 प्रतिशत तक कीटनाशकों की बचत होती है, जिससे लागत कम होती है और पर्यावरण पर भी कम असर पड़ता है। ड्रोन का उपयोग करके, किसानों को अब पीठ पर टंकी टांगकर छिड़काव करने की आवश्यकता नहीं है। ड्रोन छिड़काव से फसलों को समान रूप से दवाएं मिलती हैं, जिससे उपज में वृद्धि होती है।

# रामचरित मानस ऐसा दर्पण है जिसमें हम अपना चित्र नहीं बल्कि चरित्र देखते हैं : गौर

- संगम साहित्य समिति में तुलसी दास व कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास एवं कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द की जयंती के अवसर पर संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड द्वारा माह अगस्त की रचना गोष्ठी का आयोजन संगम सदन में किया गया। श्रीमती अनिता गौर ने तुलसी साहित्य की आवश्यकता और उपादेयता पर अपनी बात रखते हुए कहा कि तुलसीदास ने रामचरित मानस के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श को समाज के सामने रखा। रामचरित मानस को आचरण ग्रन्थ माना जाता है। यह ऐसा दर्पण है जिसमें हम अपना चित्र नहीं बल्कि चरित्र देखते हैं। रामचरित मानस की प्रासंगिकता पहले से कहीं आज ज्यादा है। आज समाज में लगातार नैतिक पतन हो रहा है। ऐसे समय में तुलसी साहित्य ही समाज का मार्गदर्शन कर सकता है। संरक्षक जेआर साहू एवं चिंता राम पुजारी ने तुलसीदास जी की महिमा पर अपनी कविता सुनाई।

मुंशी प्रेमचंद को याद करते हुए भोला राम सिन्हा ने अपनी बाल कहानी का वाचन किया। लालेश्वर सिन्हा ने देशभक्ति पूर्ण कविता सुनाई। भोपालमणि साहू एवं चन्द्रहास बघेल ने शिक्षा पर अपनी कविता सुनाई। अध्यक्ष वीरेन्द्र सरल ने मुंशी प्रेमचन्द के साहित्यिक अवदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी कहानियां जीवन के हर रंग की है। रामचरित मानस पर चर्चा करते हुए सरल ने कहा कि स्वछंदता नहीं हया का आवरण भी हो। बेला प्रभात की है अब जागरण भी हो। रामचरित मानस का सारांश है यही, बातें नहीं अब राम जैसा आचरण भी हो। कवि गोष्ठी का संचालन देवनारायण निषाद ने किया। आभार व्यक्त आत्माराम साहू ने किया। इस गोष्ठी में पुनुराम साहू, अशोक ध्रुव, लीलूदास मानिकपुरी की सहभागिता रही।

ग्राम सिलतरा में गोस्वामी तुलसी दास की जंयती मनाई गई

# मानस मंडलियों ने बताई भगवान राम की महिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

मानस शक्ति केंद्र भखारा के तत्वावधान में ग्राम सिलतरा में बीते रविवार को तुलसी दास जंयती मनाई गई। गोस्वामी तुलसी दास के छायाचित्र पर माल्यार्पण के बाद मानस शक्ति केंद्र भखारा अंतर्गत आने वाली समस्त मानस मंडली द्वारा मानसगान किया गया। सुपेला, सिलतरा, सेमरा (बी), देवरी की मानस मंडलियों ने रामचरितमानस के बारे में लोगों को बताया। इसमें एक श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पिता, श्रेष्ठ परिवार के बारे में बतायागया है । मानस शक्ति केंद्र भखारा की अध्यक्ष प्रतिभा साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि हमें तुलसीदास द्वारा लिखित राम चरितमानस का अध्ययन रोज करना चाहिए।

कार्यक्रम में पंडित योगेश्वर उपाध्याय, दानीराम साहू, बलराम साहू, सिलतरा सरपंच संतोष पटेल ,भानु राम सार्वा, प्रेमा साहू, उत्तम देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं रामायण प्रेमी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में मुक्तवीर महिला मानस परिवार सिलतरा एवं जय मां सरस्वती मानस परिवार सिलतरा का योगदान रहा।





# सहकारी समिति को किसानों के लिए वरदान बताया



सोसाइटी के सदस्यों एवं प्राधिकृत अधिकारियों ने दी सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

संगम साहित्य भवन में ब्लाक के 13 सोसाइटी के सदस्यों एवं प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा मोहंदी सोसाइटी से सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक जगदीश्वरनाथ साहू को 38 वर्ष की सेवा के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। वरिष्ठ प्राधिकृत अधिकारी शत्रुहन साहू भोथीडीह सोसाइटी ने प्रबंधक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सरल, मृदुभाषी, कर्त्वव्यनिष्ठ, किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करना बताया। प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी मेघा ने श्री साहू के 38 वर्ष के अनुभव को सहकारिता क्षेत्र में निरन्तरता बनाए रखने की अपील करते हुए सक्रिय राजनीति में आने का आग्रह किया। प्राधिकृत अधिकारी खिसोरा राजेश साहू ने अपने संबोधन में श्री साहू को सेल्समेन से प्रबंधक तक के सफर के लिए ऊर्जावान एवं ईमानदार बताते हुए सभी को सीख लेने की सलाह दी। प्रबंधक श्री साहू ने ब्लाक स्तर पर विदाई समारोह को नई परिपाटी कहकर बड़े भावुकता के साथ स्वीकार करते हुए धन्यवाद दिया। आगे अपने सेवाकाल में विभिन्न उतार-चढ़ाव का बखान करते हुए संतुष्टि जाहिर किया। सहकारिता को नजदीक से जानने का अनुभव शेयर करते हुए सहकार से उद्धार को किसान व आम जनता के लिए उपयोगी बताया। सहकारी समिति को किसानों के लिए वरदान बताया। उन्हें श्रीफल व साल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# खेती के लिए मात्र दो घंटे बिजली, बिल पूरे साल भर का

## बिजली बिल हाफ योजना का झटका लगने के बाद अब बिजली गुल से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



कोर्रा क्षेत्र अंतर्गत किसान हो या घरेलू बिजली उपभोक्ता, कंप्यूटर सेंटर या च्वाइस सेंटर या छोटे-छोटे व्यापारी, दुकानदार, आम उपभोक्ता आजकल वे बार-बार बिजली गुल होने से काफी परेशान हैं। बिजली कंपनी के द्वारा दिन हो या रात, समय बे समय बिजली कटौती कर दी जाती है

आम उपभोक्ताओं को बिजली का झटका लगता ही जा रहा है। बिजली बिल हाफ योजना का झटका लगने के बाद अब आम जनता बिजली की कटौती से काफी परेशान है। इससे आम जनता, किसान, व्यापारी वर्ग सभी का काम ठप पड़ गया है। कोई भी अपने कार्य को सही ढंग से नहीं कर पा रहा है जिसका सिर्फ एक ही कारण है बिजली कटौती। ऊपर से मौसम का मिजाज भी बदला हुआ है। बारिश नहीं हो रही है। गर्मी और उमस बढ़ बई है जिसके चलते लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। घरेलू उपभोक्ता गर्मी और उमस से राहत के लिए पंखे का सहारा लेते हैं मगर बार-बार बिजली गुल होने कारण से लोग काफी परेशान हैं। वहीं व्यापारी बिजली कटौती होने के कारण अपने काम को सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। वे परेशान होकर दुकान को बंद करके ही चले जा रहे हैं।

क्षेत्र के किसान सुरेश साहू, खिलेश्वर सोनकले, गोविंद साहू का कहना है कि किसानों का कृषि कार्य तेजी से चल रहा है। बारिश नहीं होने के कारण सिंचाई के लिए मोटर पंप का सहारा लेना पड़ रहा है। मगर किसानों को 24 घंटे में सिर्फ दो घंटे बिजली दी जाती है वह भी सुबह 5 से 7 तक बाकी 22 घंटे कटौती की जाती है। ऐसे में किसान अपनी फसल की सिंचाई कैसे कर पाएंगे। कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण फसल को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है। मगर बार-बार कटौती करके सरकार किसान और आम उपभोक्ताओं को सिर्फ परेशान कर रही है। आम उपभोक्ताओं ने बिजली कंपनी से अनुरोध किया है कि बार-बार कटौती बंद करें और किसानों को जरूरत के अनुसार बिजली आपूर्ति की जाए। नहीं तो आम उपभोक्ता और किसान बिजली ऑफिस का घेराव करेंगे।

## अंचल की खबरें

### श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी का प्रसाद बांटा



**मगरलोड।** ओम महाकाल सेवा समिति कुंडेल द्वारा श्रावण माह के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य सरिता कश्यप, जीवन साहू, जितेंद्र साहू, भानू निषाद, गोपी वर्मा, ओंकार वर्मा, होरी वर्मा,मोती लाल यदु, कोमल साहू, केशव यादव, डुमेंद्र साहू, श्रवण साहू, हरिश साहू, डा थानू साहू, नगेंद्र साहू ,महेश्वर साहू, सागर ध्रुव, भोला यदु,कमलेश साहू, अगेश सेन, मनोज साहू उपस्थित थे।

### कांवरियों को कराया जलपान



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गाड़ाडीह आर में सिन्हा परिवार द्वारा सोमवार को कौही में शिवलिंग में जल चढ़ाने के लिए गए बोल बम कांवरियों के लिए पोहा, खीर, पूड़ी की व्यवस्था की गई। यह जानकारी राजा ने दी है।

### बटनहर्रा में शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला बटनहर्रा में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक हुई। बैठक में विद्यालय के शैक्षिक विकास, छात्र हित और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रधानपाठक टुकेश्वर प्रसाद शेर का जन्मदिवस मनाया गया। प्रधानपाठक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति का श्रेय सभी के सामूहिक प्रयास को जाता है। ऐसे आयोजन से विद्यालय परिवार में एकजुटता और प्रेरणा का संचार होता है। उन्होंने न्योता भोज में खीर-पूड़ी की व्यवस्था की।

### भखारा प्रेस क्लब के राजेश अध्यक्ष युगलकिशोर बने सचिव



**अंवरी।** सोमवार को भखारा प्रेस क्लब का चुनाव हुआ, जिसमें नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से राजेश रात्रे को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष खिलेश साहू एवं सचिव युगल किशोर साहू को चुना गया। भखारा प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने नए अध्यक्ष का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने संगठन हित में हमेशा कार्य करने की बात कही। नवनियुक्त प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश रात्रे ने कहा कि मैं हमेशा संगठन हित में कार्य करूंगा और पूरे क्षेत्र में पत्रकारिता की नई नींव रखी जाएगी। इस दौरान संरक्षक मो. रशीद, प्रीतम टण्डन, सूरज सिन्हा, दिग्विजय साहू, थानेश्वर साहू, कैलाश टाण्डे उपस्थित थे। अंचल के दो पत्रकारों ने प्रेस क्लब भखारा की सदस्यता ली।

### ब्रम्हाकुमारी बहनों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**अंवरी।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय सेवा संस्थान की करुणा, फूलबासन साहू, श्रीमती पुष्पलता देवांगन, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती बनपेला ने नपं अध्यक्ष ज्योति जैन को रक्षासूत्र बांधकर भाई बहन के पवित्र रिश्ता को मजबूत करने का सन्देश दिया। ज्ञात हो कि रक्षाबंधन पर्व भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को उजागर करने वाला और भाई बहन के वैश्विक रिश्ते की स्मृति दिलाने वाला परमात्मा उपहार है।

## निधन

### देवसिर बाई साहू

**पुरी।** ग्राम पुरी निवासी टेकराम साहू की पत्नी श्रीमती देवसिर बाई साहू



का स्वर्गवास 5 अगस्त को हो गया है। वे महेंद्र साहू, दुमेश साहू एवं श्रीमती निशा साहू की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा 6 अगस्त बुधवार को प्रातः 10:30 बजे निवास पुरी से शांतिघाट के लिए निकली। शांतिघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

// आम सूचना //

सर्व साधारण को इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति रमशीला बाई साहू पति श्री पुरानिक राम साहू निवासी रामपुर वार्ड धमतरी के स्वामित्व एवं आधिपत्य में मुख्य मार्ग एवं गौरवपथ व श्रीराम हास्पिटल के मध्य भूमि खसरा नंबर 997/23, 997/4, 998/1 एवं 999/1 का टुकड़ा जो नामांतरण बटांक के बाद 997/23 रकबा 0.026 हे. (40x80=2800 व.फु.) स्थित है जिस पर खरीदी दिनांक 1991 से स्वत्व कब्जे में है।

उपरोक्त भूमि के दो तरफ सड़क है तथा एक ओर श्रीराम हास्पिटल स्थित है तथा कन्हैया डहरिया की भूमि सड़क के दूसरे तरफ स्थित है। पूर्व में उनके द्वारा गलत सीमांकन बटांकन दिनांक 06/12/2023 को कोई सूचना दिये बिना मेरे पक्षकार के भूमि की ओर बटांकन करा दिया था जिसकी जानकारी होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सीमांकन बटांकन आदेश दिनांक 06/12/2023 को माननीय अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष अपील में चुनौती दी गई थी जो रा.प्र.क्र. 202402130700113/1304/अ-74 में पंजीबद्ध कर 21/07/2025 को अपील स्वीकार करते हुए कन्हैया लाल डहरिया द्वारा किये गये सीमांकन बटांकन को निरस्त कर दिया है एवं तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि उभय पक्षों के कब्जा और दस्तावेज के आधार पर विधिवत बटांकन की कार्यवाही करे तथा तहसीलदार के द्वारा कार्यवाही प्रस्तावित है ।

विश्वस्त सूत्रों से मेरे पक्षकार को जानकारी हुई है कि कन्हैया डहरिया पिता फकीर राम डहरिया ने पुराने सीमांकन बटांकन को आधार बनाकर उक्त संपत्ति को शहर के कुछ प्लाट दलालों के माध्यम से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है तथा उक्त भूमि के संबंध में माननीय जिला न्यायाधीश धमतरी के समक्ष रमशीला बनाम कन्हैया लाल वगैरह व्यवहार अपील क्रमांक जो सुनवाई में दिनांक 22/08/2025 को लंबित है। उक्त भूमि विवादित है तथा गलत सीमांकन बटांकन की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया है। इसलिए कोई भी व्यक्ति उक्त संपत्ति को खरीदने का प्रयास न करे। इस प्रकाशन के बाद यदि कोई भी व्यक्ति संस्था क्रय करता है तो वह लंबित वाद में प्रतिवादी/उत्तरवादी के हैसियत से पक्षकार के रूप में संयोजित किये जायेंगे तथा उसे बिक्री पत्र से कोई स्वत्व और कब्जा प्राप्त नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
विपिन पवार अधिवक्ता
गोकुलपुर वार्ड रूद्री रोड धमतरी
जिला धमतरी

जिले में किया था सबसे पहला आयोजन, अब तक 11 बार दे चुके न्योता भोज

# स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराने में शिक्षक दयालु अव्वल

यशवंत गंजीर ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल तर्रागोंदी के छात्र-छात्राओं सहित पूरे शिक्षक स्टॉफ को न्योता भोज कराकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस न्योता भोज के बाद शिक्षक श्री साहू जिले में पहले व सर्वाधिक न्योता भोज देने वाले में अव्वल स्थान पर हैं।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में न्योता भोज नामक एक पहल शुरू की गई है, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति, समुदाय या सामाजिक संगठन किसी खास अवसर पर या स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में बच्चों को भोजन करा सकता है। यह पहल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में दिए जाने वाले भोजन के अतिरिक्त है और पूरी तरह से स्वैच्छिक है। आदेश के परिपालन में शासकीय हाईस्कूल जोरातराई के प्राचार्य व छग शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम ने स्वयं के निवास स्थान के शासकीय स्कूलों न्योता भोज कराकर जिले में इस पहल की शुरुआत की थी।

### जहां-जहां सेवा दी है वहां-वहां करा रहे न्योता भोज



शिक्षक श्री साहू ने हरिभूमि को बताया कि उन्हें ऐसा करने से आत्मिक खुशी मिलती है। उनका मानना है कि जन्मदिन या अन्य पारिवारिक खुशी वाले दिन इधर-उधर घूमकर फिजूलखर्च से अच्छा है कि बच्चों को एक दिन का पौष्टिक भोजन दे दिया जाये। उन्होंने बताया कि यह उनका 11 वां न्योता भोज है। उन्होंने अब तक जिन-जिन गांवों के स्कूलों में सेवा दी है वहां-वहां पहुंचकर अपने जन्मदिन या परिवार के किसी सदस्यों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ आदि पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज करवा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 4 अगस्त को प्राथमिक, मिडिल एवं हाईस्कूल तर्रागोंदी में स्टाफ सहित 320 बच्चों को न्योता भोज दिया। इससे दो दिन पूर्व प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल इर्रा में न्योता भोज दिया। अब तक जोरातराई में तीन बार, खपरी, सेमरा में दो-दो बार व सिलौटी एवं सौराबांधा में एक एक बार न्योता भोज दे चुके हैं।

## अंचल की खबरें

### धारेश्वर महादेव मंदिर में जस झांकी



**धमतरी।** सावन अंतिम सोमवार को साहूपारा सोरिद जोधापुर वार्ड में स्थापित श्री धारेश्वर महादेव मंदिर में बोल बम समिति द्वारा सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक किया गया। रात्रि में जस झांकी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जोधापुर वार्ड के पूर्व पार्षद दीपक गजेन्द्र, रामकुमार साहू, ईश्वर साहू, संतोष साहू, छबि साहू, शिवकुमार ठाकुर, रोशन सिन्हा एवं सन्नी देवांगन थे। इस आयोजन में भीमा साहू, मोहन साहू, गैंदलाल साहू, भुनेश साहू, युवराज, ईश्वर, दीपक, विनेश, यशवंत, खिलावन, चित्रांश, राहुल, तेजराम एवं भारत साहू का योगदान रहा।

### न्योता भोज में दिया केला, समोसा, जलेबी



**नगरी।** प्राथमिक शाला दुगलीपारा मुकुंदपुर संकुल केन्द्र देवपुर में जीतू चोपड़ा, डॉ संगम लुंकड़, हड्डी रोग विशेषज्ञ धमतरी की ओर से न्योता भोजन में केला, समोसा, जलेबी मिक्चर दिया गया साथ ही 16 नग कटोरी चम्मच और सभी बालक बालिकाओं को जूता मोजा प्रदान किया गया। इस अनुकरणीय पहल के लिए नगरी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक शाला प्रबंधन समिति दुगलीपारा ने आभार व्यक्त किया है।यह जानकारी प्रधानपाठक छनिता साहू ने दी।

### दरबा में कृषक प्रशिक्षण शिविर लगा



**जीजामगांव।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति दरबा के प्राधिकृत अधिकारी जीवनलाल साहू की अध्यक्षता एवं सभापति नोहरलाल साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र सोनकर, भेषनलाल साहू खुरसेंगा एवं कृषकजनों की उपस्थिति में सहकारिता से संबंधित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषकों को संस्था द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इफ्को कंपनी के फील्ड ऑफिसर योगेश साहू ने धान बुआई से कटाई तक लगने वाले विभिन्न रोगों के बारे में जानकारी दी। प्राधिकृत अधिकारी ने कृषकों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया।

### विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में वेदिका अव्वल



**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव में विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी लगी जिसमें कक्षा चतुर्थ से अष्टम के छात्र इस विधा में सहभागी रहे। प्रधानाचार्य ने बताया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ाने हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें वेदिका पटेल कक्षा 6 प्रथम स्थान, ओजस्वी साहू कक्षा 6 द्वितीय स्थान, देविका साहू तृतीय, सोनालिका चतुर्थ, नैंसी ने पंचम स्थान प्राप्त किया। कुल 31 छात्रों ने भाग लिया। इस मॉडल प्रदर्शनी में तनु साहू, फलिता साहू एवं अंगिता यादव का विशेष योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के आचार्य डिगेश्वर पटेल, श्रीमती हेमा साहू, इंदिरा साहू, यशोदा साहू, मनीषा निषाद समेत अन्य उपस्थित थे।

### छाती सोसाइटी में डीएपी सहित सभी खाद उपलब्ध



**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में डीएपी सहित यूरिया, सुपर फासफेट, पोटाश, के साथ कीटनाशक दवाई उपलब्ध है। नरेंद्र साहू समिति प्रबंधक ने बताया कि लगभग 750 किसानों को 3 करोड़ से अधिक ऋण बिना ब्याज के वितरण किया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 समर्थन मूल्य पर धान बिक्री करने के लिए जिन किसानों ने पंजीयन नहीं कराया है, उनके लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। साथ ही जो कृषक एग्री स्टेक अभी तक नहीं कराए हैं, ऐसे किसान शासकीय योजनाओं का लाभ लेने एग्री स्टेक करा सकते हैं।

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर स्वच्छता दीदियां हड़ताल पर

**धमतरी।** स्वच्छता दीदियां अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रायपुर में हड़ताल पर हैं। जिले की सभी स्वच्छता दीदियों के हड़ताल पर चले जाने से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ठप पड़ गया है। लोगों के घरों में कचरा जमा हो गया है। इससे नगर निगम धमतरी समेत जिले की नगर पंचायतों में व्यापक असर पड़ा है। एक बार फिर प्रदेश स्तर पर स्वच्छता दीदी हड़ताल पर चली गई है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम धमतरी सहित जिले के सभी नगर पंचायत की स्वच्छता दीदी हड़ताल पर हैं। हड़ताल 7 अगस्त तक रखी गयी है। मांगे पूरी नहीं होने पर निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र के लगभग 190 स्वच्छता दीदियों के साथ ज्यादातर गाड़ियों के ड्रायवर भी हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर चले जाने से लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। जिले में 300 से अधिक स्वच्छता दीदी हैं। संघ की अध्यक्ष जितेश्वरी साहू ने बताया कि संघ की तीन प्रमुख मांग है जिसमें वेतनमान में पीएफ की कटौती हो। कलेक्टर दर पर वेतनमान दिया जाए और साप्ताहिक अवकाश रविवार को घोषित किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर राजधानी के धरना स्थल तूता रायपुर में हड़ताल जारी है।

■ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ठप

---

पगडंडीनुमा रास्तों से होकर घने जंगल और पहाड़ियों से घिरे जलप्रपात के बीच पहुंचे

# पर्यावरण मित्रों ने की एडवेंचर ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



पर्यावरण मित्र कुरुद के सदस्यों ने वीकेंड पर इस बार ओडिशा राज्य के पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक विविधता के अध्ययन के लिए वहां के घने जंगलों एवं पहाड़ियों में स्थित जलप्रपात गोधस, बेनियारधस, खरालधस और धार्मिक स्थल हरिशंकर में स्थित जलप्रपात की दो दिवसीय साहसिक बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग की।

राज्य के गरियाबंद जिले के छुरा और ओडिशा के धरमबांधा, नुआपाडा और सुनाबेडा वाल्डलाइफ सेंचुरी के घने जंगलों के रास्तों से होते हुए सुनाबेडा वाल्डलाइफ सेंचुरी और जंगलों की जैव-विविधता और पेड़-पौधों और वन्य प्राणियों का प्राकृतिक अध्ययन करते हुए कच्चे रास्तों और पगडंडीनुमा रास्तों से होते हुए चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरे जलप्रपातों की नैसर्गिक प्राकृतिक सुंदरता और मनमोहक नजारों ने ट्रैकिंग दल को रोमांचित कर दिया।

इसी तारतम्य में संस्था के सदस्यों ने बेनियारधस और खरालधस के साथ ही छतीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर के गांव आमामोरा-ओडगांव स्थित कारीपगार जलप्रपात सहित अनेक जलप्रपात का आनंद भी लिया। ट्रैक लीडर पुष्कर गोस्वामी ने बताया कि ऊर्जावान साथियों का समूह प्रकृति के बीच जाकर न सिर्फ जुड़ाव महसूस कर रहा है, अपितु वहां के स्थानीय लोगों के रहन सहन, त्योहारों की महत्ता एवं सांस्कृतिक विविधता में एकता से भी परिचित हो रहा है। समूह के साथ चलने वाले किशोर एवं युवा साथी इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। ट्रैकिंग दल में लीडर पुष्कर गोस्वामी, को-लीडर आकाश चंद्राकर, विक्रम महावर, तिजिल गोस्वामी, अथर्व चंद्राकर, गजानंद, टोमेश, चन्द्र कुमार, वीरेंद्र सोनी, मनोज, रितेश, शामिल रहे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी के मजबूत स्तंभ हैं : नीलम



■ कांग्रेस पार्टी अपने संगठन का कर रही है पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष द्वारा पूरे प्रदेश में संगठन का पुनर्गठन का कार्य जोरों से चल रहा है। इसी तारतम्य में जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर को धमतरी विधानसभा के धमतरी ग्रामीण ब्लाक का प्रभारी बनाकर पुनर्गठन की जिम्मेदारी दी गई है। वे विधायक ओंकार साहू के नेतृत्व में सभी जोन और सेक्टर की बैठक ले रहे हैं।

पहले चरण में छाती जोन की बैठक देवपुर में, बोड़रा जोन की बैठक बोड़रा में, आमदी जोन की बैठक मुजगहन में हुई। दूसरे चरण की बैठक डुबान क्षेत्र में की गई। तीसरे चरण में कुर्रा जोन, डाही जोन देमार जोन की बैठक रखी गई। सभी सेक्टर और जोन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू, गुरूमुख सिंह होरा, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम साहू की उपस्थिति में सर्वसम्मति से जोन अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी का चयन किया गया। बैठक में नीलम ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के मजबूत स्तंभ होते हैं। कार्यकर्ता कुछ नहीं मात्र सम्मान चाहता है जिसे पूरा करना हम सभी की जिम्मेदारी होती है। हम सबका फर्ज बनता है कि उन्हें बराबर सम्मान दें ताकि पार्टी का झंडा लेकर मैदान में अन्याय के खिलाफ लड़ सके। हम सब कांग्रेस के सिपाही हैं।

# सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने की कलेक्टर से मुलाकात



■ मांग : 50 लाख तक के निर्माण कार्य ठेका के बदले पंचायत को दें

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सरपंचों को हो रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं अन्य जनहितैषी मुद्दों के साथ अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने सरपंच संघ कुरुद के पदाधिकारियों ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर पंचायतों में आने वाले 50 लाख तक के काम की कार्य एजेंसी सरपंचों को देने की मांग की है।

मंगलवार की शाम कलेक्टर मिश्रा से मुलाकात कर सरपंचों ने बताया कि उनके अधीनस्थ पंचायतों में 50 लाख के नीचे का कार्य भी ठेका पर दे दिया जा जाता है जबकि शासन के आदेशानुसार 50 लाख तक के काम का कार्य एजेंसी पंचायत द्वारा किया जा सकता है। यदि 50 लाख का काम पंचायत के माध्यम से होता है तो इससे गांवों में विकास कार्यों को तेजी से किया जा सकेगा और सरपंचों को अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। सरपंच संघ ने कलेक्टर से यह भी मांग की है कि सभी सरपंचों एवं सचिवों की जनपद एवं जिलास्तर पर प्रशासन के साथ त्रैमासिक बैठक रखी जाये ताकि प्रशासनिक कार्यों को बेहतर तालमेल के साथ समय पर पूरा किया जा सके। इसके अलावा जहां पर सचिव के पद रिक्त हैं या जहां पर सरपंच एवं सचिव का तालमेल नहीं बैठ पा रहा है, वहां की व्यस्था दुरुस्त कर स्थायी सचिव नियुक्त किया जाये। सरपंच संघ की मांगों को गंभीरता से सुनकर कलेक्टर ने समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। मुलाकात करने वालो में प्रमुख रूप से हरिशंकर साहू अध्यक्ष सरपंच संघ कुरुद, संरक्षक टिकेश साहू, सचिव चेतन देवांगन, कोषाध्यक्ष जयमित्र साहू एवं मीडिया प्रभारी योगेश साहू शामिल थे।

# ओमप्रकाश को गणित में पीएचडी की उपाधि मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा निवासी नंदलाल साहू के पुत्र ओमप्रकाश साहू को पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर से गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। इनके शोध निर्देशक डॉ. अमिताभ बैनर्जी प्राचार्य साइंस कॉलेज रायपुर रहे। इनका शोध शीर्षक ए स्टडी ऑन एक्सिस्टेंस एण्ड एप्रोक्सीमेशन रिजल्ट फॉर नॉन एक्सेपेन्सीव मैपिंग रहा। ओमप्रकाश साहू बचपन से मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा ग्राम सांकरा से हुई है। इन्होंने बीएससी शासकीय महाविद्यालय नगरी तथा एमएससी शासकीय पीजी महाविद्यालय धमतरी से की है। वर्तमान में ओमप्रकाश शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में सहा. प्राध्यापक गणित के पद पर कार्यरत हैं।उनके पिता नंदलाल साहू कृषक तथा माता श्रीमति रोशनीबाई साहू गृहणी हैं। इनके बड़े भाई चंद्रप्रकाश साहू शासकीय कन्या परिसर दुगली में व्याख्याता गणित के पद पर कार्यरत हैं। इनकी इस उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों एवं मित्रों में खुशी की लहर है।

## सशिमं के बच्चों ने निकाली कांवर यात्रा

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा के बच्चों द्वारा कांवर यात्रा निकाली गई । यह यात्रा स्कूल प्रांगण से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। सभी कांवरियों ने भगवान शिव के शिवलिंग में जल अर्पण किया। आचार्य, दीदियों ने भी भाग लिया। कुछ बच्चे गणेश, शिव, पार्वती का स्वरूप धारण कर चल रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने कंधे पर कांवर रखे थे। गांव में हर हर महादेव, हर-हर-बम-बम का नारा लगाते हुए आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। कांवर यात्रा धमतरी मार्ग पर स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर तक चली। बच्चों ने शिवजी को जलाभिषेक किया एवं प्रसाद ग्रहण किया। प्रधानाचार्य चंपा देवी साहू ने बच्चों को बताया कि श्रावण माह शिवजी का प्रिय है और जो व्यक्ति इस माह में गंगा का पवित्र जल कांवर के माध्यम से भगवान शंकर को जलाभिषेक करता है, उसे पुण्य प्राप्त होता है। मौके पर आचार्य गिरीश पवार, जितेंद्र साहू, अमन राव, अंगेश सेन, तोरण निर्मलकर, हेश्वरी साहू उपस्थित थे।

# छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में दी जानकारी





■ बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय इंडक्शन (दीक्षारंभ) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश साहू रहे। इंडक्शन कार्यक्रम में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश साहू ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को बताया। कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह शिक्षा नीति लागू की गई है। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के सदस्य होरीलाल साहू, नीलम साहू, देवशरण साहू, हिरामन ध्रुव, विजय यदु, खूबचंद साहू समेत वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, निरूपा साहू, डॉ रमा चंद्राकर, डॉ सुशीला साहू, दीपक कश्यप, डॉ. विनोद कुमार, सुश्री सुषमा टंडन, नीरज साहू, युगेंद्र साहू, पीयूष वाही, हुलासिनी कश्यप, खुमेश्वर निषाद, मोंगरा साहू, विजय सिन्हा, संतोष व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशोदा साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास ने किया।

# कॉलेज छात्रों ने प्रकृति को दिया मां का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ वृहद स्तर पर पौधारोपण का दौर जारी




प्रकृति से छात्रों को जोड़ने के लिए बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान को वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। यहां पर छात्र-छात्राएं पेड़ लगाने के साथ उन्हें मां मानकर देखरेख भी कर रही हैं। मंगलवार को भी रोवर रेंजर इकाई द्वारा वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया।

प्रकृति सबकी जननी है, इसकी गोद में ही सब पलते , बढ़ते और पनपते हैं। इस बात को ध्यान में रखकर बीसीएस पीजी कॉलेज द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत मंगलवार को कॉलेज में पौधरोपण किया गया। आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. हेमवती ठाकुर के निर्देशन में महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई द्वारा किया गया जिसमें सभी रोवर रेंजर्स ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे। अन्य लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे। प्रभारी प्राचार्य डॉ हेमवती ठाकुर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल पौधरोपण को बढ़ावा देना है, बल्कि प्रकृति से मां जैसी भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है। इस पहल के माध्यम से छात्रों को अपनी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर मिला है। उन्होंने पर्यावरण की महत्ता और पौधरोपण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा हरियाली की घटती मात्रा के कारण पौधरोपण आज की महती आवश्यकता है।


वृक्ष जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण, जलस्तर सुधार, तापमान नियंत्रण एवं भूमि संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार की हरित पहल को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में रोवर प्रभारी भीखम लाल, रेंजर प्रभारी आकांक्षा कश्यप, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम, एकता राजपूत के साथ रेंजर गीतांजलि, नेहा, रोहणी, पायल, प्रेरणा, दिव्या, जागृति, तेजस्वी, जीना, आरती, टामिन तथा रोवर वासुदेव, भोजेश, प्रेमलाल और दमनलाल उपस्थित थे।

### मोबाइल से दूर रहने किया अलर्ट

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय के छात्र दिंगत राठी और छात्रा साक्षी साहू ने माध्यमिक शाला जोधापुर में एक परिचर्चा का आयोजन कर मोबाइल के दुष्प्रभावों को बताया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने छोटे बच्चों को इससे दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं विशेष जानकारी के लिए सीमित समय तक करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानपाठक एमएम दास, दीपक दुबे, बरखा बोरकर, जागेश्वर सेन, कोमलता गंजीर आदि उपस्थित थे।

# अवैध अतिक्रमण से रास्ता रोकने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम बंजारी में एक व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर राइस मिल का रास्ता रोकने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। मामला ग्राम बंजारी का है। महावीर सीड्स और और राइस मिल संचालक अविनाश शुक्ला ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनकी संस्था के सामने शासकीय घास भूमि है। इस घास भूमि पर गांव के तीन लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। जमीन पर उन्होंने धान की फसल लगाई है। इससे उनके मिल आने-जाने का रास्ता बाधित हो रहा है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

राशि आवंटित होने पर खिलाड़ियों तथा पार्षदों ने महापौर का आभार माना

# 4 करोड़ 70 लाख रुपए से संवरेगा इंडोर स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले इंडोर स्टेडियम समय के साथ अनेक समस्याओं के उत्पन्न हो जाने के कारण यहां आने वाले खिलाड़ियों तथा मॉर्निंग, इवनिंग वॉक करने वाले नागरिकों तथा आम जनमानस को परेशानियां हो रही थी। यहां सुविधाओं को विस्तार देने के लिए खिलाड़ियों तथा पार्षदों ने निरंतर नगर निगम प्रशासन तथा महापौर रामू रोहरा का ध्यान आकृष्ट कराया। श्री रोहरा ने इसे संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा को स्टेडियम में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने राशि की मांग की थी जिस पर राज्य शासन ने 4 करोड़ 70 लाख रुपये की स्वीकृति दी। इस पर खिलाड़ियों तथा वार्ड के पार्षदगणों कुलेश सोनी, चंद्रभागा साहू, शैलेश रजक, पिन्टू यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए महापौर रामू रोहरा का आभार माना।

मौके पर नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, आशा लोधी, मुकेश शर्मा, संतराम वर्मा, दूजराम साहू, कमलेश देवांगन, देवनारायण सिन्हा, मुन्ना ठाकुर, नंदू लोधी, बच्चू सिंह, शरद शर्मा, रमेश निर्मलकर, अशोक साहू, बल्ला रजक, चोवाराम वर्मा, जीवन यदव, भास्कर राव, अतुल साहू, गौतम मानिकपुरी, अरमान खान, भरत देवांगन, देवा नडार, सुदेश साहू, राजू, इशिकांत निर्मलकर, तेजराम देवांगन, गोवर्धन रजक, सत्यम सोनी उपस्थित थे।

### शहर का चहुंमुखी विकास मेरी प्राथमिकता

महापौर रामू रोहरा ने एक चर्चा में कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में शहर का प्रत्येक क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्हें निगम के सभी पार्षदों के साथ ही मुख्यमंत्री एवं समस्त विभाग के मंत्रियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। आने वाले समय में शहर की तस्वीर अलग ही दिखाई देगी।

### खेल तथा खिलाड़ियों को मिलेगा प्रोत्साहन

अंबेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी ने कहा कि यह खेल परिसर सर्व सुविधाओं से सुसज्जित हो जाने पर देश की रक्षा के लिए फिजिकल तैयारी का रहे खिलाड़ियों तथा आम नागरिकों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप होगा।

## निधन

### रघुराम निर्मलकर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ग्राम अंवरी निवासी रघुराम निर्मलकर का सड़क हादसे में 5 अगस्त को निधन हो गया। वे सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। अंत्येष्टि कार्यक्रम गृहग्राम अंवरी में हुआ। मौके पर टुम्मन निर्मलकर, रघुवीर, कैलाश, देव, कपिल, रिंकू, परसराम, ललित, थानेश, मनीष, रामाधार, राम आसरा, चन्द्रहास, मिलन, भगत समेत बड़ी संख्या में परिवारजन, ग्रामीण एवं समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बस्तर में मिलावट खोरो के हौसले बुलंद : समीर



**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने मीडिया को जारी किए बयान में कहा कि बस्तर संभाग विशेषकर दंतेवाड़ा, बीजापुर,सुकमा जैसे जिलों में खाद्य विभाग की लापरवाही और मिलावटखोरी की घटनाओं में दिन-ब-दिन बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में खाद्य सामग्री जैसे दूध,दही,पनीर आदि में मिलावट आम हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद खाद्य विभाग की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है।उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन आते ही बाजारों में मिलावटी वस्तुओं की बाढ़ आ जाती है,लेकिन खाद्य विभाग सिर्फ खाना पूर्ति करता है। न तो होटल,रेस्टोरेंट्स में सफाई के नियमों का पालन हो रहा है और न ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### कोलावल में मना स्तनपान सप्ताह



जगदलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द बकावंड के सेक्टर कोलावल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के निर्देश अनुसार कोलावल के खासपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में विश्व स्तनपान सप्ताह सप्ताह मनाया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षिका श्रीमती बीना साहू उपस्थित हुई। पोषक माताओं एवं गर्भवती माताओं से ग्रामीण चिकित्सा सहायक अमित दास द्वारा स्तनपान मनाने का कारण पूछा। साथ ही जन्म से छह माह तक सिर्फ दूध पिलाना जरूरी है। इस अवसर पर टीकाकरण के फायदे पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा बताया एवं कहा कि जन्म से लेकर 16 वर्ष तक बच्चे को टीकाकरण करवाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर आईसीडीएस पर्यवेक्षक बीना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नैती कश्यप सहित 70 पोषक माता शामिल हुई।

### पंतजलि ने मनाया जड़ी बूटी सप्ताह



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय जड़ी बूटी दिवस का आयोजन 4 अगस्त को पतंजलि योग परिवार बस्तर के तत्वावधान में शहीद पार्क में किया गया। जिसमें पतंजलि के संगरक्षक शक्ति सिंग, संगरक्षिका डा सुषमा झा, जिला प्रभारी इला हरि प्रसाद राव,महिला राज्यकार्यकारिणी सदस्या मान कोराम, महिला ज़िला प्रभारी मंजु लुकड़ तथा अन्य ने जीवन व रोगों पर उनके महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि नगर निगम के एमआईसी सदस्य व राजस्व सभापति संग्राम सिंग राणा ने पतंजलि द्वारा योग के साथ साथ अनेक सामाजिक क्षेत्र में काम के लिए सराहना की। आज के दिन प्रतिवर्ष करोड़ों जड़ीबूटी पौधे का रोपण- वितरण पूरे भारत वर्ष में किया जाता है।

गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों ने जिला प्रशासन से दखल देने की गुजारिश की

# सामुदायिक भवनों को आमजनता के लिए कम किराया पर उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में बनाए गए निजी सामुदायिक भवन या सामाजिक भवन आमतौर पर शासन से अनुदान प्राप्त कर बनाया गया है, लेकिन उसका उपयोग आम जनता के लिए नहीं हो पा रहा है। समाज द्वारा निर्मित सामाजिक भवन के संचालक अपने समाज के लोगों को निःशुल्क या कम किराया पर उपलब्ध कराते हैं, लेकिन दूसरी जातियों के लिए अधिक शुल्क लिया जाता है। शहर में कई ऐसी जातियां हैं जिनके लिए सामाजिक भवनों का निर्माण नहीं किया गया है या फिर निर्मित भवन छोटा होने के कारण दूसरी जातियों के सामाजिक भवनों को किराया में लेते हैं जिससे उनसे मनमाना किराया वसूल लिया जाता है। पानी, बिजली, बिल्डिंग, शौचालय, हॉल, एसी, कूलर, पंखे आदि के रूप में काफी किराया हो जाता है। ऐसे में गरीब मध्यमवर्गीय परिवार को शादी, सगाई, निधन और अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए सड़क पर निर्भर रहना पड़ता है। कई बार सरकारी स्कूल, ग्राउंड या सरकारी सामुदायिक भवनों में बिना सुविधाओं के कार्यक्रम निपटाना पड़ता है। निजी भवनों का शुल्क ऐसा रहता है कि पांच दिनों की शादी के लिए लिया गया किराया या शुल्क इतना अधिक होता है कि उनकी पूरी शादी को निपटा सकते हैं। सुविधाओं के लिए तरस रहे गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों ने जिला प्रशासन से एक ठोस नियम बनाने की मांग की है ताकि सामाजिक भवनों का लाभ उन्हें भी मिल सके।



फाइल फोटो

शहर के दीपक कामड़े, त्रिलोचन सहारे, लोकेश मत्स्यपाल, श्रीराम वाकड़े आदि ने बताया कि सरकारी अनुदान से बने निजी सामाजिक भवनों की संख्या शहर में सौ से अधिक है, जो विभिन्न जातियों से संबंधित हैं। जिसमें कुछ सुविधा संपन्न है तो किसी में सुविधाएं कम हैं। किसी का एरिया काफी बड़ा है तो किसी का क्षेत्रफल काफी छोटा है। लोग शादी ब्याह के मौके पर सर्वसुविधायुक्त भवन जिसके परिसर में हजार आदमी आ सके, ऐसे भवनों में शादी करना चाहते हैं लेकिन मनमाना किराया से पीछे हटने मजबूर हो जाते हैं और खुले में सड़क किनारे शादी, बारात, निधन जैसे कार्यक्रम निपटाते हैं। इससे यातायात बाधित होता है। शहर के कुछ सरकारी अनुदान से निर्मित सामाजिक भवन काफी सुविधाओं से लैस है परिसर भी काफी बड़ा है। लोग चाहते हैं कि कम किराया में उन्हें भी शादी के लिए अच्छा भवन मिल जाए, लेकिन ऐसा नहीं होता। जागरूक नागरिक भागवत यादव एवं उनके परिजनों ने बताया कि शहर में ऐसे कई सामाजिक भवन है जिनका निर्माण सरकारी अनुदान से हुआ है, लेकिन दूसरी जातियों के लिए डबल-ट्रिपल किराया वसूला जाता है। उन्होंने जिला प्रशासन से दखल देने की मांग करते हुए कहा कि निजी भवनों के लिए नियम बनाए जाएं ताकि गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों को उसका फायदा मिल सके। बता दें कि शहर में कुछ सर्वसुविधायुक्त सामाजिक भवन तथा बिलाईमाता के पीछे निगम के सामुदायिक भवन का किराया एक दिन का 25 से 30 हजार रूपए है।

### सामाजिक स्तर पर चर्चा करेंगे : कलेक्टर



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए शादी, ब्याह, सगाई व अन्य कार्यक्रम के लिए सरकारी अनुदान प्राप्त निजी भवनों के संचालकों के साथ मीटिंग कर रास्ता निकाला जाएगा। इसके लिए जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी एवं सामाजिक स्तर पर चर्चा की जाएगी ताकि गरीब मध्यमवर्गीय परिवार को राहत मिले।

## अधीक्षण अभियंता ने सोलर रूफटॉप लगाने कर्मचारियों को किया प्रेरित






- योजना का लाभ लेने पावर हाउस में शिविर लगा, 41 लोगों ने कराया पंजीयन
- आज 7 अगस्त को पुरानी कृषि उपज मंडी में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी संभाग के धमतरी जोन कार्यालय स्थित पावर हाउस में धमतरी एवं कुरूद संभाग के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार, रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रायपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता अशोक खण्डेलवाल, धमतरी एवं कुरूद के कार्यपालन अभियंता एपी सोनी एवं जीके बंजारे विशेष रूप से उपस्थित थे। अधीक्षण अभियंता ने कुरूद एवं धमतरी के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सोलर रूफटॉप लगाने के लाभ के बारे में जानकारी दी। शिविर को धमतरी एवं कुरूद के कार्यपालन अभियंताओं द्वारा भी संबोधित किया गया।

शिविर में 41 लोगों ने मौके पर ही रजिस्ट्रेशन करवाया। धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने कहा कि 7 अगस्त को शिविर प्रातः 10 से 3 बजे तक पुरानी कृषि उपज मंडी में होगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाएं और अपने बिजली बिल को न्यूनतम एवं शून्य करें।

## सदस्यता श्रीरत्न से सम्मानित हुईं पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गत दिनों नवा रायपुर में निर्धारित अवधि में सदस्यता का लक्ष्य पार करने पर प्रदेश के विभिन्नजनों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में पूर्व विधायक रंजना साहू को सदस्यता श्रीरत्न से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि श्रीमती रंजना साहू ने धमतरी विधानसभा में हजारों लोगों को भाजपा से जोड़कर उन्हें पार्टी का कार्यकर्ता बनाया। सम्मान समारोह में अपरिहार्य कारणों से न पहुंच सकी पूर्व विधायक रंजना साहू का सम्मान सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किया गया। सम्मान प्राप्त करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि भाजपा ने हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है और आज यह सम्मान जो मुझे प्राप्त हुआ है, वह धमतरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है। भाजपा के संस्कारवान उन कार्यकर्ताओं को समर्पित है जो पार्टी को अपना परिवार मानते हैं। जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत किया है और उसकी नीति और विचारधारा को अपना आदर्श मानकर देश और समाज की सेवा में लगे हुए हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान के लक्ष्य को हासिल करने के बाद भी विराम नहीं किया। सतत रूप से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य भी कर रहे हैं।

## गोरेगांव का आंगनबाड़ी भवन जर्जर, नये भवन की मांग

- एनएसयूआई ने भवन की तत्काल मरम्मत कराने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




एनएसयूआई ने ग्राम गोरेगांव स्थित आंगनबाड़ी भवन की जर्जर स्थिति को लेकर एसडीएम नगरी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के निर्देश पर नगर अध्यक्ष राकेश नेताम के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आंगनबाड़ी भवन की दीवारों में बड़ी दरारें हैं और छत से पानी टपक रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

एनएसयूआई ने प्रशासन से तत्काल भवन की मरम्मत कराने, सभी आंगनबाड़ी भवनों की जांच करवाने तथा जिन भवनों की स्थिति खराब है, वहां नए भवन स्वीकृत करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

नगर अध्यक्ष राकेश नेताम ने कहा कि गांव के नौनिहालों और महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे तुरंत हस्तक्षेप करें। इस अवसर पर लाकेश्वर साहू, यतीन्द्र साहू, योगित ध्रुव, राज कश्यप, प्रकाश साहू, भोज नवरंग, भावेश चंदनिया एवं होपेश मल्होत्रा उपस्थित थे।

## गुरु वह सेतु है जो शिष्य को उनकी क्षमता और सफलता के बीच जोड़ता है : डा. जायसवाल



- आमदी कॉलेज में व्यास पूजा समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई के तत्वावधान में व्यास पूजा समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय गुरू-शिष्य परंपरा की गरिमा को समर्पित था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने की। मुख्य वक्ता डा. चंद्रशेखर चौबे जिला संयोजक भारतीय शिक्षण मंडल व विशिष्ट अतिथि निरंजन कुमार जिला संगठन रासेयो थे।

डा. जायसवाल ने कहा कि गुरु ही वह सेतु है जो शिष्य को उनकी क्षमता और सफलता के बीच जोड़ता है। व्यास पूजा भारतीय संस्कृति का वह उत्सव है जो हमें आत्मिक मूल्य और नैतिक विचारों की ओर लौटने का अवसर देता है। मुख्य वक्ता डा. चौबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा, महाभारत-रामायण के चरित्रों के संघर्ष, गुरु शिष्य संबंध एवं विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता जैसे विषयों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने महर्षि वेदव्यास की जीवनगाथा पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक समय में गुरु-शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। रासेयो जिला संगठक श्री साहू ने कहा कि गुरु वह दीप है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन को दिशा देता है। विद्यार्थियों को सदैव अपने जीवन में गुरु के बताए मार्ग पर चलकर श्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू तथा रासेयो स्वयंसेवकों की भागीदारी रही।

## आज कांग्रेस बिजली कार्यालय का घेराव कर राज्य सरकार का पुतला दहन करेगी

- कांग्रेस नेताओं ने कहा, भाजपा सरकार बिजली बिल हॉफ योजना बंदकर जनता पर अत्याचार कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना को बंद किये जाने एवं दरों की वृद्धि को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, हर्षद मेहता, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, पंकज महावर, तारिणी चंद्राकर, विपिन साहू, नीशु चंद्राकर, सलीम रोकडिया, भरत नाहर, मनोज साहू, आलोक जाधव, कविता बाबर, आनंद पवार, प्रभातराव मेघावाले, विजय गोलछा, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, कैलाश प्रजापति, डीहूराम साहू, आशीष शर्मा, राजू साहू, भूषण साहू, अखिलेश दुबे, लीलेश साहू, दीपक सोनकर, नरेन्द्र सोनवानी, राजा देवांगन, होरीलाल साहू ने कहा कि साय सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है।

साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गए हैं। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू की थी जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। कांग्रेस नेताओं ने आगे कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था।

बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस आज 7 अगस्त को बिजली कार्यालय रायपुर रोड का घेराव कर राज्य सरकार का पुतला दहन करेगी।

## खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल शुरू





**परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस विभाग सहित अन्य विंग द्वारा एकलव्य खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल शुरु हो गई है। परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी खेल मैदान में जोरों से चल रही है। परेड प्रभारी डीएसपी मीना साहू के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक व परेड कमांडर दीपक शर्मा एवं उप परेड कमांडर एएसआई रामअवतार राजपूत द्वारा परेड का पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। पूर्वाभ्यास में 12 से अधिक टुकड़ियां भाग ले रही हैं जिसमें जिला पुलिस के महिला व पुरूष के दो प्लाटून, नगर सेना के महिला व पुरूष के दो प्लाटून, एनसीसी सीनियर विंग एक प्लाटून, एनसीसी जूनियर के नेवी विंग, रेडक्रास की टुकड़ी, स्काउट एवं गाइड के प्लाटून स्वतंत्रता दिवस पर परेड करने मैदान में खूब पसीना बहा रहे हैं।

पूर्वाभ्यास में मार्चपास्ट, हर्षफायर, सलामी की रिहर्सल कर रहे हैं। यह पूर्वाभ्यास स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व तक चलेगा। परेड की अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को की जाएगी। रिहर्सल के दौरान सभी प्लाटूनों के प्रदर्शन को बारीकी से मूल्यांकन किया जा रहा है। कुछ कमी दिखने पर आवश्यकतानुसार सुधार कराया जा रहा है। खेल मैदान में यह रिहर्सल लगातार जारी रहेगी।

## ब्रम्हाकुमारी बहनों ने कर्मचारी-अधिकारियों को बांधी राखी



**अंवरी।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में ब्रम्हाकुमारी बहनों ने भखारा के तहसील अधिकारी भूपेश चंद्राकर, भखारा भठेली स्वास्थ्य केंद्र में नीतू मैडम को राखी बांधी। बिजली विभाग में सीमा ठाकुर, दिवाकर ध्रुव को, प्रमोद अमलतास टीआई, सहायक उपनिरीक्षक नीरज कुमार, प्रधान आरक्षक अश्वनी बंजारे एवं सभी कर्मचारी, नपं भखारा के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, डॉ हरदेल, डॉ. धुरंधर, पूर्व अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, वरिष्ठ नागरिक केला को रक्षासूत्र बांधा।

## बिंद्रा नवागांव स्कूल में रोपे गए पौधे



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका ममता खालसा एवं माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक पंकज रावटे बिंद्रा नवागांव ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाया और पर्यावरण को बचाने का प्रण लिया। आंवला, आम, नीम जैसे फलदार, छायादार, सुगन्धित पौधे रोपे। उन्होंने बताया कि इससे शुद्ध हवा मिलेगी। जलवायु नियंत्रित रहेगा। मृदा उपजाऊ होगी। बारिश का पानी पेड़ की जड़ों के माध्यम से मिट्टी तक पहुंचेगा। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित थे।







